# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 31.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जनपद बांदा में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया । महाराणा प्रताप चौराहा से मण्डलायुक्त चित्रकूट धाम, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा एकता दौड़ को रवाना किया गया ।**
- **05 किमी चलकर एकता दौड़ सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में हुई सम्पन्न, जहां मा0 जलशक्ति राज्यमंत्री तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने फूलों की वर्षा कर एकता दौड़ का किया स्वागत । एकता दौड़ में भारी संख्या में पुलिसकर्मियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा किया गया प्रतिभाग । सभी को राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की दिलाई गई शपथ ।**

**विवरण-** आज दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 को "लौह पुरुष" सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती अवसर पर जनपद बांदा में "रन फॉर यूनिटी" का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मा0 जनप्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, आमजनमानस तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया । "रन फॉर यूनिटी" के माध्यम से "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" तथा राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया । एकता दौड़ का शुभारम्भ महाराणा प्रताप चौराहा से हुआ जहां मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल श्री अजीत कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री राजेश एस0, जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रिभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलास बंसल द्वारा एकता दौड़ को रवाना किया गया । एकता दौड़ में सभी अधिकारी भी शामिल हुए । "सरदार पटेल अमर रहे" तथा "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारों की गूंज के साथ एकता दौड़ रेलवे स्टेशन, बाबूलाल चौराहा से अतर्रा चुंगी होते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में सम्पन्न हुई जहां मा0 जलशक्ति राज्यमंत्री श्री रामकेश निषाद, मा0 सदर विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सुनील पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासू तथा अन्य जनप्रतिनिधियों नें पुष्प वर्षा कर एकता दौड़ का स्वागत किया । मा0 जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और देश की अखण्डता के प्रति उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा । सभी नागरिकों से आह्वान किया गया कि हम सभी मिलकर उनके आदर्शों पर चलें और देश की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने में योगदान दें । कार्यक्रम में अन्त सभी राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई गई ।